# प्रेस नोट थाना कटरा
# जनपद शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनांक 28.08.25

## थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 02 तस्कर को कुल 102 ग्राम स्मैक (डैली) सहित किया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी तिलहर महोदया के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस टीम को मिली बडी कामयाबी।

**संक्षिप्त विवरण**

दिनांक 27.08.2025 को थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 18.15 बजे हुलासनगला पुल सड़क किनारे के पास 02 नफर अभियुक्तगण 1. लियाकत खान पुत्र बन्ने खान उम्र करीब 55 वर्ष नि0 ग्राम मोहनपुर ढडररुआ, थाना फरीदपुर, जनपद बरेली के कब्जे से 52 ग्राम स्मैक (डैली) तथा 2. इरशाद खान पुत्र अवरार खान उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम मोहनपुर खिरिया, थाना कैंट, जनपद बरेली के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक (डैली) सहित गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की मो0सा0 संख्या UP25CK4396 को कोई कागजात न प्रस्तुत किये जाने पर अन्तर्गत धारा 207 MV ACT सीज किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कटरा पर मु0अ0स0 402/2025 धारा 8/21 NDPS ACT पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

1. लियाकत खान पुत्र बन्ने खान उम्र करीब 55 वर्ष नि0 ग्राम मोहनपुर ढडररुआ, थाना फरीदपुर, जनपद बरेली।
2. इरशाद खान पुत्र अवरार खान उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम मोहनपुर खिरिया, थाना कैंट, जनपद बरेली।

**गिरफ्तारी का दिनांक समय व स्थान**

दिनांक 27.08.25 को समय करीब 18.15 बजे, हुलास नगला पुल सड़क किनारे से

**पंजीकृत अभियोग का विवरण**

मु0अ0स0 402/2025 धारा 8/21 NDPS ACT थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर

**बरामदगी का विवरण**

कुल 102 ग्राम स्मैक

**पूछताछ का विवरण**

अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि साहब यह नशीला पदार्थ स्मैक हम सब्बीर पुत्र अज्ञात नि0 ग्राम मोहनपुर ढडररुआ, थाना फरीदपुर, जनपद बरेली से लाये थे। उक्त स्मैक को हमें सफेद शर्ट और नीली जीन्स पहने व्यक्ति को देना था। इस काम से जो पैसा हमें मिलता है, उसे हम अपने जीवन यापन पर खर्च करते हैं। । उक्त स्मैक को हम उपरोक्त कपडें पहने व्यक्ति को देने जा रहे थे कि तभी आप लोगों ने हमें पकड़ लिया। साहब, हमें माफ कर दो। भविष्य में ऐसी गलती नहीं करेंगे।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

उ0नि0 श्री मनोज कुमार

का0 1858 योगेन्द्र कुमार

का0 1901 आशीष कुमार

का0 2300 अंकित नेहरा

का0 2685 प्रवीण